# अभ्यास पत्र - 2

**विषय - हिंदी** **कक्षा - आठवीं** **मई - 2025**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

मनुष्यता वह गुण है जो एक मनुष्य को अन्य सभी जीवों से अलग करता है। केवल शरीर से मनुष्य होना नहीं बल्कि अपने विचारों, व्यवहार और कार्यों से भी मानवता को अपनाना है। मनुष्यता का अर्थ है - दूसरों के प्रति करुणा, दया, सहानुभूति और सेवा की भावना रखना। जब कोई व्यक्ति बिना किसी स्वार्थ के किसी की मदद करता है, दूसरों के दुःख को समझता है और उन्हें राहत देने का प्रयास करता है तो वही सच्चे अर्थों में मनुष्यता कहलाती है।
आज के भौतिकवादी युग में लोग अधिकतर अपने स्वार्थ की पूर्ति में लगे रहते हैं। ऐसे समय में मनुष्यता का भाव धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। समाज में यदि सच्ची शांति, प्रेम और भाईचारा स्थापित करना है तो मनुष्यता को फिर से जाग्रत करना आवश्यक है। यह केवल धर्मों या उपदेशों में नहीं बल्कि हमारे दैनिक आचरण में दिखनी चाहिए।
महात्मा गांधी, मदर टेरेसा जैसे महान व्यक्तियों ने अपने जीवन में मनुष्यता को सर्वोच्च स्थान दिया। उन्होंने जाति, धर्म, रंग या भाषा के भेद के बिना सभी की सेवा की और लोगों के कष्टों को अपना कर्त्तव्य समझकर दूर किया। आज हमें भी उन्हीं के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है ताकि एक संवेदनशील और सुंदर समाज की रचना हो सके।

1.मनुष्यता का क्या अर्थ है?
(i) केवल अपने लाभ के बारे में सोचना (ii) दूसरों से ईर्ष्या करना
(iii) दूसरों के प्रति दया और मदद की भावना रखना (iv) कठोर और स्वार्थी

2. मनुष्यता किसका प्रमुख गुण है?

(i) जानवरों का (ii) मनुष्य का (iii) पक्षियों का (iv) प्रकृति का

3. किसने अपने जीवन में मनुष्यता को सर्वोपरि माना?

(i) चंद्रगुप्त मौर्य

(ii) सिकंदर

(iii) महात्मा गांधी और मदर टेरेसा

(iv) अशोक कुमार

4. आज के समय में मनुष्यता का क्या महत्त्व है?

5. इस गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

**प्रश्न 2 बस की यात्रा**

क) लेखक और उसके दोस्त खिड़की से दूर सरककर क्यों बैठ गए?

ख) लेखक के डॉक्टर मित्र ने बस के विषय में क्या कहा?

ग) पाँचों मित्रों ने शाम चार बजे वाली बस से जाने का निश्चय क्यों किया?

घ) पहली बार बस किस कारण रुकी?

**प्रश्न 3 आपके विद्यालय में एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन हुआ था, अपने बड़े भाई को पत्र लिखकर शैक्षिक भ्रमण के बारे में विस्तार से बताइए ।**